हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

24 फ़रवरी 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी की। नौ करोड़ 80 लाख किसानों के बैंक खातों में 22 हजार 700 करोड़ रुपये से अधिक राशि डाली गई ।

- किसानों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जारी करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज रोहतक में स्थानीय निकाय चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया।

- शहरों में अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था मल शोधन सयंत्र लगाने और इलेक्ट्रिक बस चलाने सहित 21 वादे किए गए।

- हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने नगर निकाय चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों बैठक की।

*************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की छठी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी द्वारा योजना का लाभ ले रहे नौ करोड़ 80 लाख किसानों के बैंक खातों में सीधे 22 हजार 700 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि जारी की गई है।

*************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करने पर किसानों में भारी उत्साह देखने को मिला। जींद जिले में हमारे संवाददाता ने योजना को लेकर कई किसानों की प्रतिक्रिया ली।जींद के एक किसान ने कहा -

उचाना तहसील से एक किसान ने कहा कि वो इस राशि का उपयोग अपने कृषि कार्यों के लिए करते हैं।

एक अन्य किसान ने कहा -

फरीदाबाद जिले के एक किसान ने कहा कि योजना से किसानों की बड़ी मदद हुई है।

अन्य कई किसानों ने कहा कि उनके लिए यह भारत सरकार की बहुत ही बेहतर और लाभकारी योजना है।

*****************************************************************

हरियाणा के पलवल जिले में मंडकोला के कृषि विज्ञान केंद्र में आज जिला स्तरीय किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर भागलपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से ऑनलाइन प्रसारण किया गया।कार्यक्रम को खेल और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा और अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जो भी योजनाएं क्रियान्वित की जाती है उसका केंद्र बिंदु किसान और मध्यम वर्ग होता है।

उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों की स्थिति सबको मालूम है, आज किसानों के खाते में सीधे और पूरा पैसा पहुंचता है।राज्य सभा सदस्य रेखा शर्मा ने अपने सम्बोधन में किसान हित की सभी केन्द्रीय एवं राज्य स्तर की योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह भी दी।जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के जरिये

किसान अपनी फसलों की बुवाई के लिए बीज,खाद,कीटनाशक दवाइयां खरीद सकते है।जिससे उन्हें काफी राहत मिलती है।

*******************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज रोहतक में पार्टी के प्रदेश कार्यालय से हरियाणा में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। इसमें पार्टी ने 21 संकल्प शामिल किए हैं। जिसमें शहरों की सरकार के सशक्तिकरण पर जोर दिया गया है।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद रहे।हमारे संवाददाता दीपक खोखर ने बताया है कि सभी नगर निगम, नगर परिषद व नगर पालिका का अलग से भी संकल्प पत्र जारी किया गया है। संकल्प पत्र में सभी स्थानीय निकाय शहरों में अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था ,रासायनिक और औद्योगिक कचरे की समस्या के निवारण के लिए मल शोधन सयंत्र के निर्माण का वादा किया गया है। इसमें राज्य सरकार की मदद से सार्वजनिक व निजी भागीदारी मॉडल के तहत इलेक्ट्रिक बस चलाने, सभी स्थानीय निकायों में प्रत्येक बूथ पर ऑनलाइन सेवा केंद्र स्थापित करने का भी वादा है।इसके अलावा ग्रामीण व शहरों में 20 वर्ष से अधिक समय से काबिज सभी परिवारों को भूमि व मकान का मालिकाना हक देने और नगर निगम की सीमा के अंदर आने वाले गांवों में संपत्ति कर का सरलीकरण करने का संकल्प है। सभी स्थानीय निकायों में आदर्श पार्क बनाने, स्मार्ट स्ट्रीट बनाने, जल निकासी का प्रबंध करने, आधुनिक पाठशाला की स्थापना, महिलाओं के पिंक शौचालय व सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगवाने और बहुस्तरीय पार्किंग स्थलों का निर्माण सहित कई वादे किए गए हैं।

बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा–

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी मुद्दों को संकल्प पत्र में शामिल किया है।उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले कांग्रेस पार्टी की ओर से घोषणा पत्र जारी किया गया है।

****************************************************************
हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने आज नगर निकाय चुनाव को लेकर पंचकूला में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की ।बैठक की अध्यक्षता राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने की।श्री धनपत सिंह ने बताया कि चुनाव को पारदर्शी, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से करवाने में सहयोग के लिए सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा -

श्री धनपत सिंह ने बताया कि राजनीतिक दलों से फार्म 17 सी को लेकर जो सुझाव मिले हैं उनमें से जो लागू करने योग्य होंगे, उन्हें लागू किया जाएगा। मतपत्र द्वारा चुनाव की कांग्रेस की मांग पर उन्होंने कहा कि मतदान ई वी एम से ही होगा।उन्होंने कहा कि सभी को बताया गया कि यह एम टु एम ईवीएम है। इसमें बाहर के नेटवर्क या इंटरनेट के द्वारा कनेक्शन नहीं होता है।

****************************************************************
हिसार-नई दिल्ली रेलगाड़ी महाकुंभ-2025 के दौरान परिचालिक कारणों से अब 6 मार्च तक रद्द रहेगी। पहले ही इस रेल की समय सारणी में बदलाव किया गया था। दैनिक रेल यात्री एंड जन कल्याण संघ के सदस्य ने फरवरी में महाकुंभ के अंतिम स्नान के बाद गाड़ी को पहले की तरह चलाने की मांग की है।